# Activities of NCC Air Wing (2021-22)



**North Zone Kabbadi Championship Guard of Honour to CM on 5- 1-2022**



**NCC Cadets of VGC Mandi Participated in Republic Day Camp (2022) at Delhi**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली दिल्ली में भाग लेकर पंजाब निदेशालय का प्रतिनिधित्व व प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।**

**महाविद्यालय के कैडेट पंकज कुमार, कैडट अजय कुमार व सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर ने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली मे भाग लिया।**

**एनसीसी भारतीय वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने जानकारी देते हुए कहा- वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र व एनसीसी एयर विंग कैडेट पंकज**

**कुमार गणतंत्र दिवस शिवर दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली मे गार्ड ऑफ ऑनर कंटिजेंट में शामिल रहे। पंकज कुमार कोटमोरस (धुआंधार) के रहने वाले है। पंकज के पिता दीवान ठाकुर एक सामाजिक कार्यकर्ता है।**

**महाविद्यालय के एनसीसी एयर विंग कैडेट अजय कुमार मंडी महाविद्यालय में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र है। अजय कुमार मंडी के कोटली के रहने वाले है। महाविद्यालय एनसीसी आर्मी विंग के सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष के छात्र है। राहुल मंडी के पधर क्षेत्र के रहने वाले है।**

**देश के प्रधानमंत्री ने 28 जनवरी 2022 करिअप्पा ग्राउंड दिल्ली में प्रधानमंत्री रैली में देश के एनसीसी कैडेटों के जोश और जज्बे को सलाम किया है।**

**हिमाचल प्रदेश एनसीसी एयर स्क्वाड्रन कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एस के शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह, फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा, मेजर डॉ चेतन सिंह राणा, लेफ्टिनेंट डॉ स्मृति ठाकुर ने होनहार एनसीसी कैडेटों को बधाई दी है।**

## राज्यपाल के सम्मान में गार्ड आफ ऑनर पेश किया

• खबरनामा ब्यूरो



वल्लभ कॉलेज व सरदार वल्लभभाई पटेल क्लस्टर विश्वविद्यालय मंडी में प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर के सम्मान में एनसीसी भारतीय वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग ने गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। गार्ड ऑफ ऑनर का नेतृत्व भारतीय वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने किया। राज्यपाल महामहिम राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने एनसीसी वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों द्वारा शानदार गार्ड ऑफ ऑनर पेश करने के लिए कैडेटों को मिठाई आवंटित की। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा कि सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर ने गार्ड ऑफ ऑनर की कमान संभाली। गार्ड ऑफ ऑनर में एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग के चुनिंदा कैडेटों को शामिल किया गया। गार्ड ऑफ ऑनर में अभी हाल में ही गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में भाग लेने वाले कैडेट पंकज कुमार, कैडेट अजय कुमार व सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वल्लभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने ने बताया कि राज्यपाल के साथ संवाद कार्यक्रम में शिक्षा मे आधुनिक विज्ञान के साथ इंडीजीनस नॉलेज को समावेशित करने पर बल दिया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो संजय नारंग विश्वविद्यालय की विकासात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों सहित शिक्षक वर्ग व गैर -शिक्षक वर्ग शिक्षक वर्ग ने भाग लिया।

**दिनांक 8 फरवरी 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी व सरदार वल्लभभाई पटेल क्लस्टर विश्वविद्यालय मंडी मे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर के सम्मान मे एनसीसी भारतीय वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग ने गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया।** गार्ड ऑफ ऑनर का नेतृत्व भारतीय वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने किया।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल महामहिम राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने एनसीसी वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों द्वारा शानदार गार्ड ऑफ ऑनर पेश करने के लिए कैडेटों को मिठाई आवंटित की।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर ने गार्ड ऑफ ऑनर की कमान संभाली। गार्ड ऑफ ऑनर में एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग के चुनिंदा कैडेटों को शामिल किया गया।

गार्ड ऑफ ऑनर में अभी हाल में ही गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में भाग लेने वाले कैडेट पंकज कुमार, कैडेट अजय कुमार व सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अंडर ऑफिसर पनिता, कैडेट वारंट ऑफिसर जयप्रकाश सहित एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग के कैडेटों ने भाग लिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट डॉ स्मृति ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति डॉ डॉ सी एल चंदन, कुलसचिव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ संजय नारंग व

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने एनसीसी कैडेटों द्वारा राज्यपाल को शानदार गार्ड ऑफ ऑनर पेश करने के लिए बधाई दी है।

प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेटों को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य ने राज्यपाल के साथ संवाद कार्यक्रम में शिक्षा मे आधुनिक विज्ञान के साथ इंडीजीनस नॉलेज को समावेशित करने पर बल दिया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो संजय नारंग विश्वविद्यालय की विकासात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अवसर पर महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों सहित शिक्षक वर्ग व गैर -शिक्षक वर्ग शिक्षक वर्ग ने भाग लिया।

# वल्लभ कॉलेज के एनसीसी कैडेटों को किया सम्मानित




वल्लभ महाविद्यालय मंडी में एनसीसी सैन्य प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों के कंधे पर रैंक लगाते अधिकारी। -संवाद

**मंडी।** वल्लभ कॉलेज मंडी में वीरवार को एनसीसी प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों के लिए पद अलंकरण समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वाईपी शर्मा ने की।

उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस दौरान गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को स्मृतिचिह्न भेंट किए। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर, कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार, कैडेट कॉरपोरल पंकज कुमार और कैडेट कॉरपोरल निकिता ठाकुर शामिल रहे। प्राचार्य ने कहा कि वर्ष 2021-2022 के एनसीसी सैन्य प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एनसीसी एयर विंग के कैडेट अजय कुमार को पदोन्नत कर कैडेट वारंट ऑफिसर का रैंक, कैडेट पंकज कुमार को कॉरपोरल के पद पर और कैडेट निकिता ठाकुर को कॉरपोरल के पद पर पदोन्नत किया। एनसीसी सैन्य प्रशिक्षण में उत्कृष्ट

## प्रियांशु, शालिनी बने ऑल राउंड बेस्ट स्वयंसेवी

**सुंदरनगर (मंडी)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जड़ोल में आयोजित विशेष एनएसएस शिविर का समापन वीरवार को हुआ। प्रधानाचार्य लेखराज धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य लेखराज धीमान ने स्वयंसेवियों को पदक और स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। शिविर में प्रियांशु और शालिनी को ऑल राउंड बेस्ट स्वयंसेवी चुना गया। इस मौके पर एसएमसी प्रधान राजकुमारी, अश्वनी गुलेरिया, संदीप धीमान, श्याम लाल, रमेश कुमार, नवज्योति धीमान, पूजा, कृष्णा, पद्मा और कांता सहित अनेक अध्यापक मौजूद रहे। संवाद

इसके अलावा एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेटों को

दिनांक **17 फरवरी 2022**

**एनसीसी कैडेटों के सम्मान मे कार्यक्रम आयोजित**

दिनांक **1 मार्च 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी मे राष्ट्रीय कैडेट कोर "सी' प्रमाण पत्र परीक्षा आयोजित की गई। राष्ट्रीय कैडेट कोर 'सी" प्रमाण पत्र परीक्षा मे भारतीय वायु सेना विंग के 58 कैडेटों ने भाग लिया।**



**राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट चंडीगढ़ एयर स्क्वाड्रन के विंग कमांडर सिद्धार्थ श्रीनिवासन व हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह**

**दिनांक 8 मार्च 2022**

**कैडेटों ने अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में जिला पुलिस के साथ मिलकर ट्रैफिक ड्यूटी का कार्य बखूबी किया।**



# कैडेट्स ने शिवरात्रि में कंट्रोल की ट्रैफिक

वल्लभ कॉलेज में एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग के कैडेटों ने शिवरात्रि महोत्सव में जिला पुलिस के साथ मिलकर ट्रैफिक ड्यूटी का कार्य बखूबी किया।



फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने बताया कि कॉलेज के एनसीसी कैडेट सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आपातकालीन व जरूरी सिविल सेवाओं के दौरान जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को अपनी सेवाएं देते रहते है। डॉ चमन ने बताया कि एनसीसी भारतीय वायु सेना विंग के सीपीएल राजकुमार, कैडेट अंकुश, सीपीएल पंकज कुमार, कैडेट गगन, कैडेट मुकुल, कैडेट मुकुल, कैडेट मोहित, कैडेट जतिन व कैडेट अरविंद व एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट वरुण, कैडेट अमनदीप, कैडेट आर्यन, कैडेट राहुल व कैडेट विशाल ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर ट्रैफिक कंट्रोल से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**दिनांक 11 मार्च 2022**

**हिमाचल प्रदेश एनसीसी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के कैडेटों को संस्थागत प्रशिक्षण मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए हिमाचल प्रदेश के एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी ने सम्मानित किया।**

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 5 कैडेट्स पुरस्कृत

## कुल्लू में ब्रिगेडियर खंडूरी ने एनसीसी एयर विंग का किया दौरा, कैडेट्स से की मुलाकात

संवाद न्यूज एजेंसी

कुल्लू। जिला कुल्लू व मंडी के पांच एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इन कैडेट्स ने वाईईपी (यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम) और आरडी कैंप में बेहतर प्रदर्शन किया है।

कैडेट्स को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में शुक्रवार को सम्मानित किया गया। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय शिमला के ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी (वीएसएम) ने एक हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू का दौरा किया।

उन्होंने शुक्रवार को सुबह पहले एनसीसी एयर विंग का वार्षिक निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुल्लू में एनसीसी के एएनओ, स्टाफ और कैडेट्स के साथ मुलाकात की।

महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके उपरांत उन्होंने एनसीसी की कार्यप्रणाली से कैडेट्स को अवगत करवाया। उधर, दोपहर बाद ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी कुल्लू-मनाली हवाई अड्डा भुंतर के लिए रवाना हुए। यहां उन्होंने हवाई अड्डे के निदेशक नीरज कुमार श्रीवास्तव के साथ एनसीसी हैंगर के लिंक टैक्सी ट्रैक के कार्य को लेकर समीक्षा बैठक की। एनसीसी एयर विंग कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर एसके शर्मा ने कहा कि कुल्लू व मंडी जिले के कैडेट जुबैधा बौद्ध, अजय कुमार, पंकज कुमार, अदिति शर्मा और राज कुमार को सम्मानित किया गया है। इस दौरान जेडब्ल्यूओ जितेंद्र यादव, एसजीटी अमित चक्रवर्ती एएनओ निश्चल शर्मा, चमन लाल, चंद्रशेखर आदि उपस्थित रहे।



कुल्लू में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय शिमला के ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी का स्वागत करते एनसीसी ऑफिसर। - संवाद

**दिनांक 30 मार्च 2022**

**रिबन क्लब द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन**




**5 अप्रैल 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में 71वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित**





# सीएम ने होनहारों को दिया सम्मान

## वल्लभ कालेज में एनुअल फंक्शन, एनसीसी कैडेट्स ने मुख्यातिथि को दिया गार्ड आफ आनर

स्टाफ रिपोर्टर – मंडी



वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में 71वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रदेश मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर किया। समारोह के दौरान एनसीसी आर्मी विंग व एनसीसी वायु सेना विंग के कैडेटों ने फ्लाईंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह की कमान में मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने एनसीसी वायुसेना विंग एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों द्वारा शानदार व उत्कृष्ट दर्जे का गार्ड ऑफ ऑनर पेश करने के लिए कैडेटों को मिठाई आबंटित की। इस अवसर पर मेजर चेतन सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वाईपी शर्मा ने महाविद्यालय की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### छात्रवृत्ति बांटी

इसके अलावा महाविद्यालय में मेधावी छात्रों के प्रोत्साहन के लिए डॉक्टर बीआर अवस्थी छात्रवृति (10200 रुपये) सोनिया स्मृति छात्रवृति कुल राशि (11000), रुकमणी देवी व ठाकुर तेज सिंह समिति छात्रवृति कुल राशि (5000) तथा श्री एचडी पुरी स्मृति छात्रवृति कुल राशि (5000) को पात्र छात्र-छात्राओं को इस सत्र में प्रदान की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वाईपी शर्मा ने महाविद्यालय परिसर के विस्तृत चित्र का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान समारोह के दौरान मुख्यातिथि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने एनसीसी वायु सेना विंगए एनसीसी आर्मी विंग, अकादमिक जगत, खेलकूद, एनएसएसए रोवर रेंजर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व कैडेटों को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। साथ ही गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी एयर विंग के कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार, कैडेट कॉरपोरल पंकज कुमार, कैडेट वारंट ऑफिसर अभिषेक ठाकुर, कैडेट वारंट ऑफिसर शिल्पा व आर्मी विंग से सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर व सीनियर अंडर ऑफिसर रोशन लाल को सम्मानित किया।

इसके साथ रोवर रेंजर यूनिट से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्तकर्ता बलवीर ठाकुर को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। एनएसएस से देशराज व वदंना कुमारी को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। अकादमिक जगत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। पत्रकारिता विभाग से कृतार्थ ठाकुर, लेखराज, नीरज सोलंकी, दीक्षा ठाकुर, राकेश राणा व नूतन को शैक्षिक जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया। एनसीसी एयर विंग से कैडेट अंडर ऑफिसर पनिता, कैरेट वारंट ऑफिसर जय प्रकाश, कैडेट वारंट ऑफिसर ईशा चंदेल, कैडेट सार्जेंट तनु चौधरी, कैडेट सीपीएल निकिता, कैडेट सीपीएल निकिता ठाकुर, कैडेट सीपीएल राजकुमार, कैडेट प्रेरणा वालिया, एलएफसी आंचल, सार्जेंट तनु चौधंरी, कैडेट मनीषा, कैडेट नीतीश, कैडेट अंडर ऑफिसर सिमरन मल्होत्रा, कैडेट वारंट ऑफिसर साक्षी, कैडेट आशीष नेगी, कैडेट चेतन, कैडेट राहुल शर्मा, कैडेट हिमानी ठाकुर, कैडेट कंचन ठाकुर, कैडेट लक्ष्मी देवी, एलएफसी भानुप्रिया, कैडेट प्रतिभा, कैडट विद्या कुमारी, कैडेट मनोज को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ आर्मी (गर्ल्स) से सीनियर अंडर ऑफिसर प्रियंका, अंडर ऑफिसर रश्मि, कैडट अंडर ऑफिसर भूमिका शर्मा, सार्जेंट निकिता, सीपीएल सीमा देवी को सम्मानित किया गया। क्लासिकल डांस समूह नृत्य में मन्नत महाजन, म्यूजिक इंस्टरूमेंट समूह द्वितीय में सोमेश, दीक्षा, समूह तृतीय क्लासिकल डांस में राजेश, समूह चतुर्थ प्ले, माईम व स्किट में विशाल, मेघ सिंह, प्रियंका, दीक्षा ठाकुर, ममता कुमारी, प्रमोद भारद्वाज, प्रियंका सारस्वत, पुनीत कटोच, नरेश ठाकुर, पणिता, विशाल, तिलक राज, पवन कुमार, रश्मि को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में शिक्षा, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों व कैडेटों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के द्वितीय सत्र में नाचन के विधायक विनोद कुमार, बल के विधायक इंद्र गांधी, पूर्व प्राचार्य डॉ. राकेश कपूर, प्राचार्य बीआर सेन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों वह कैडेटों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सुंदर नगर के विधायक राकेश जंवाल, नाचन के विधायक विनोद कुमार, बल्ह के विधायक इंद्र गांधी, जिलाधीश अरिंदम चौधरी, एडीसी जतिन लाल, मंडी की मेयर दीपाली, पीटीए के प्रधान बलवंत सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ. राकेश कपूर, प्राचार्य बीआर सेन, सेवानिवृत्त प्रो. अनिल ठाकुर, मेजर चेतन सिंह राणा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन, प्रो. सीमा बावा, प्रो. जसवंत सिंह, बीडीसी सदस्य परमानंद आजाद सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग सहित महाविद्यालय के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### 12 करोड़ से बनेगा थाची कालेज का भवन

बालीचौकी। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने मंगलवार को जिला मंडी के सराज विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल बालीचौकी के पिछड़े क्षेत्र थाची में उपतहसील कार्यालय का शुभारंभ करने के साथ ही 12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले राजकीय महाविद्यालय थाची के भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थाची में दस बिस्तरों की सुविधा, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थाची की मरम्मत के लिए 12 लाख रुपए तथा थाची महाविद्यालय में कामर्स की कक्षाएं आरंभ करने, धनोट में प्राथमिक पाठशाला खोलने तथा सतवाड़-डडैली सड़क निर्माण की घोषणा की। उन्होंने पशु औषधालय थाची को पशु अस्पताल में स्तरोन्नत करने, माध्यमिक विद्यालय पलाझधार को उच्च विद्यालय में स्तरोन्नत करने तथा बसूट में पशु औषधालय खोलने की घोषणा भी की। इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानों, महाविद्यालय व स्कूल प्रबंधन, युवक व महिला मंडलों तथा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया। ग्राम पंचायत थाची के प्रधान हीरा लाल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया तथा उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मिल्कफेड के अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, उपायुक्त अरिंदम चौधरी, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एबीवीपी ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

मंडी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मंडी इकाई ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को वल्लभ कॉलेज में एक मांग पत्र प्रेषित किया। बता दें कि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर वल्लभ कॉलेज के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शामिल होने के लिए सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी पहुंचे थे। एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लंबे समय से कॉलेज की विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत है और कई बार कॉलेज प्रशासन और सरकार को ज्ञापन सौंपकर इन समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। इसी के साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने डीसी कार्यालय के बाहर नौनी विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफधरना प्रदर्शन किया।

**14 अप्रैल 2022**

**राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड 2022 में भाग लेने वाले हिमाचल प्रदेश के एनसीसी कैडेटों को प्रदेश के राज्यपाल महामहिम राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।**

मंडी केसरी

# राज्यपाल ने नवाजे कैडेट्स



*मंडी : सम्मानित होने के बाद कैडेट्स राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर व अन्य अधिकारियों के साथ सामूहिक चित्र में।* (छाया)

## राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में भाग लेने पर दिए प्रशंसा पत्र

मंडी, 29 मई (अनिल): राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड-2022 में भाग लेने वाले हिमाचल प्रदेश के एन.सी.सी. कैडेट्स को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने प्रशंसा पत्र व स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कैडेट्स के सम्मान में राजभवन में हाई टी पार्टी भी आयोजित की गई। हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वॉड्रन एन.सी.सी. के फ्लाइंग ऑफिसर डा. चमन ने कहा कि एन.सी.सी. कैडेट्स ने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली दिल्ली में भाग लेकर पंजाब निदेशालय का प्रतिनिधित्व व प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

फ्लाइंग ऑफिसर डा. चमन लाल क्रांति सिंह ने कहा कि वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग के छात्र व एन.सी.सी. एयर विंग कैडेट कॉर्पोरल पंकज कुमार गणतंत्र दिवस शिविर दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली में गार्ड ऑफ ऑनर कंटीजैंट में शामिल रहे। पंकज कुमार कोटमोरस धुआंधार के रहने वाले हैं। पंकज के पिता दीवान ठाकुर एक सामाजिक कार्यकर्त्ता हैं।

महाविद्यालय के एन.सी.सी. एयर विंग कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार मंडी महाविद्यालय में बी.एससी. तृतीय वर्ष के छात्र हैं और कोटली के रहने वाले हैं। महाविद्यालय एन.सी.सी. आर्मी विंग के सीनियर अंडर ऑफिसर पधर निवासी राहुल ठाकुर महाविद्यालय में बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र हैं।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वाई.पी. शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय के एन.सी.सी. एयर विंग व आर्मी विंग के कैडेट्स को प्रदेश के राज्यपाल द्वारा सम्मानित करना अत्यंत गौरव का विषय है।

हिमाचल प्रदेश एन.सी.सी. एयर स्क्वॉड्रन कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कै. एस.के. शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर डा. चमन लाल क्रांति सिंह, फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वाई.पी. शर्मा, मेजर डा. चेतन सिंह राणा, लैफ्टिनैंट डा. स्मृति ठाकुर ने इन कैडेट्स को बधाई दी है।